Regarding request to establish Navodaya and Central school in newly formed Mauganj District

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) **:** सभापति महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, रीवा जिले के सबसे पिछड़े भाग में एक नया जिला मऊगंज बनाया गया है । मऊगंज जिले की लगभग संपूर्ण आबादी सुदूर, जंगली व पहाड़ी इलाके में रहती है । वहां शिक्षा के लिए कोई श्रेष्ठ विद्यालय नहीं है । मऊगंज जिले में एक उत्कृष्ट विद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है ।

अत: आपके माध्यम से मंत्री जी मेरा निवेदन है कि मऊगंज जिले में एक नवोदय विद्यालय तथा एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का कष्ट करें ।

धन्यवाद ।